Attchement-2.3

प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

परियोजना विवरण :– **जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत जिला योजना में स्वीकृत टवामोड़ से कोट अमोडी तक मोटर मार्ग लम्बाई–1.000कि0मी0 का नव निर्माण।**

आज दिनाँक 20–1–2018 को प्रा0ख0,लो0नि0वि0, चम्पावत (एजेन्सी का नाम) के द्वारा जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अर्न्तगत जिला योजना में स्वीकृत टवामोड़ से कोट अमोडी तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री प्रकाश गिरी वन वीट अधिकारी, राजस्व विभाग की ओर से श्री शंकर लाल वर्मा राजस्व उप निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री अमित कुमार कनिष्ठ अभियन्ता, श्री कैलाश चन्द्र पन्त अमीन एवं दावेदारों की ओर से श्रीमती सरस्वती देवी ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 350 (मी0) नाप भूमि. से, 650 (मी0) सिविल भूमि एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.455 हे0, एवं 0.110 हे मलवा निस्तारण हेतु भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 0.565 हे0वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 33 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभाावित होंगे । प्रस्तावित समरेखण में 4 नं0हेयरपिन बैण्ड आ रहे है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें ,सम्पूर्ण1000 (मी0) सिविल भूमि प्रभावित होगी एवं 0.11 हे0 मलवा निस्तारण की आवश्यकता होगी जिनमें से कुल 0.81 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 45 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभाावित होंगे। समरेखण में 6नं0 हेयरपिन बैण्ड के साथ ही मार्ग का ग्रेडियन्ट भी उपयुक्त नही हो पा रहा है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है, तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण में प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर कोई मात्र–7 नं0 विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभावित हो रहे। एवं प्रभावित होने वाली सिविल तथा नाप भूमि पर विभिन्न प्रजाति के .वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.20 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल टवामोड़ का GPS मान N- 29^0 13'' 40. 606' E 80^0 03''24.799' है तथा समरेखन का अन्तिम स्थल कोट अमोडी जिसका GPS मान N 29^0 13' 50.812'' E 80^0 03' 39.791'' है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा ~~है~~/नही है ।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन ~~होगा~~/नही होगा । नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु 3 स्थल सिविल, भूमि में प्रस्तावित की गयी है जिनका GPS मान संलग्न है।

अन्य आवश्यक विवरण :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 0.565 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है

नोट– इस रिपोर्ट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली गयी हैं।

हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि	हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि
अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चम्पावत	वन क्षेत्राधिकारी चम्पावत वन क्षेत्र	अमित सिंह सीपाल राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र	तहसीलदार चम्पावत	जिलाधिकारी चम्पावत

सहायक अभियन्ता

उप जिलाधिकारी (सदर) चम्पावत

7